हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 सितंबर 2025



06 किसान ट्रैक्टर से तहसील पहुंचे, फसल का सर्वे...



07 बाढ़ में सब नष्ट हो गया, किसानों के बिजली...






## खबर संक्षेप

### आदिवासी जिलों को जल्दी मिलेगा जैविक प्रमाण-पत्र

**सीहोर।** लघु वनोपजों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये आदिवासी बहुल जिलों को जल्द ही जैविक प्रमाण-पत्र मिलेगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिये उन्हें संबल योजना में शामिल किया गया है। तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े जनजातीय परिवारों की आर्थिक सुरक्षा के लिये तेंदूपत्ता संग्रहण दर 3000 रूपये प्रति मानक बोरा से बढ़ा कर 4000 रूपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। वर्ष 2003 में संग्रहण दर 400 रूपये प्रति मानक बोरा थी। वन मंत्री नागरसिंह चौहान ने इसके लिये सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं। संग्रहण पारिश्रमिक के साथ-साथ तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त शुद्ध लाभ भी संग्राहकों के साथ बांटा जाता है। यह लाभांश भी बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2003 में जहाँ शुद्ध लाभ का 50 प्रतिशत अंश संग्राहकों को बोनस के रूप में वितरित किया जाता था, अब 75 प्रतिशत भाग बोनस के रूप में संग्राहकों को वितरित किया जा रहा है।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्षनों की जांच में मीटर क्रमांक, उसकी कार्य प्रणाली एवं श्रेणी दर्ज करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले।


### पहली बार सीहोर में धर्मांतरण मामले पर बुलडोजर कार्रवाई, अल्टीमेटम के बाद मकान की तीसरी मंजिल को किया धराशाही

# धर्मांतरण आरोपी जब्बार खान पर प्रशासनिक हथौड़ा, अवैध मकान पर नपा का चला बुलडोजर

सीहोर नगर पालिका ने धर्मांतरण आरोपी जब्बार खान के मकान के अवैध हिस्से को बुलडोजर से ढहा दिया। पुलिस ने पहले ही धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। यह जिला मुख्यालय पर धर्मांतरण मामले में पहली बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला मुख्यालय पर सोमवार को पहली बार धर्मांतरण से जुड़े मामले में प्रशासनिक एक्शन हुआ। नगर पालिका ने मुख्य आरोपी जब्बार खान के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मकान के अवैध हिस्से को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।

यह पूरा मामला 17 अगस्त को सामने आया था, जब गोविंद मसुरे नामक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि जब्बार खान और उसकी पत्नी ताहिरा खान ने उसे धर्मांतरण के लिए दबाव डाला और प्रलोभन भी दिया। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दोनों के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत मामला दर्ज किया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई :** शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला और नगर निरीक्षक अभिनंदना शर्मा के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर जब्बार खान को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय वह कथित रूप से बाइबिल हाथ में लिए प्रार्थना कर रहा था। इस पूरे मामले में कोतवाली थाने के आरक्षक वीरेंद्र अहिरवार की लापरवाही सामने आई, जिस पर उसे निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई।

#### नगर पालिका भी हुई सक्रिय

पुलिस कार्रवाई के बाद नगर पालिका प्रशासन ने भी अपने स्तर पर जांच शुरू की। रिकॉर्ड में पाया गया कि जिस भूखंड पर मकान बना था, वह मूल रूप से अशोक डाबी के नाम आवंटित हुआ था। वर्ष 2018 में जब्बार खान ने इसे खरीदा और बिना किसी अनुमति के ऊपरी मंजिल पर अवैध निर्माण कर लिया। नगर पालिका ने पहले नोटिस देकर भवन निर्माण की अनुमति दिखाने को कहा, लेकिन जवाब न मिलने पर 15 दिन का अंतिम नोटिस चिपकाया गया।

**नोटिस के बाद चला बुलडोजर :** नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार सुबह नगर पालिका का दस्ता बुलडोजर और पोकलेन मशीन लेकर पहुंचा। पुलिस और राजस्व विभाग की मौजूदगी में अवैध हिस्से को गिराने की कार्रवाई शुरू हुई। देखते ही देखते ऊपरी मंजिल का निर्माण मलबे में तब्दील हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और नगर पालिका के कदम को सख्त संदेश मानते हुए चर्चा करते रहे।

#### बजरंग दल की सक्रियता और घटना का खुलासा

दरअसल, इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर प्रार्थना सभा की वीडियो रिकॉर्डिंग की थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस-प्रशासन हरकत में आया और मामला धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत दर्ज किया गया। इसके बाद से ही जब्बार खान पर कार्रवाई तय मानी जा रही थी।

#### प्रशासन का सख्त संदेश

नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह ने कहा कि शहर में अवैध निर्माण और धर्मांतरण जैसी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नोटिस देने के बाद भी अनुमति पत्र प्रस्तुत न करने वाले जब्बार खान पर बुलडोजर चलाना प्रशासन की बाध्यता थी। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि सीहोर में कानून के खिलाफ जाने वालों पर इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

#### जांच अभी जारी

फिलहाल जब्बार खान जेल में है और उसकी पत्नी ताहिरा खान पर भी पुलिस जांच जारी है। प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि धर्मांतरण की गतिविधियों में और कौन लोग शामिल थे तथा कितने लोग प्रभावित हुए। नगर पालिका की ओर से बताया गया कि भविष्य में ऐसे मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

## लाईनमेन के परिजनों को विधायक राय ने 5 लाख रुपए की सहायता राशि के साथ नौकरी और पेंशन स्वीकृति-पत्र सौंपा

**सीहोर।** ग्राम खंडवा पहुंचकर सोमवार को विधायक सुदेश राय के द्वारा हादसे का शिकार हुए विघुत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी मृतक लाईनमेन विजय वर्मा के परिजनों के लिए स्वीकृत की गई 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और छोटे भाई को नौकरी सहित मृतक की पत्नी के लिए स्वीकृत की गई पेंशन राशि के स्वीकृत पत्र शोकाकुल परिजनों को प्रदान किया गया। उक्त राशि विधायक सुदेश राय की उनकी विशेष अनुशंसा के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रदुम सिंह तोमर के द्वारा ग्राम खंडवा में हादसे का शिकार हुए विघुत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी मृतक लाईनमेन विजय वर्मा के परिजनों के लिए स्वीकृत की गई है। ग्राम खंडबा में मृतक के घर स्वीकृति पत्र प्रदान करते समय विधायक सुदेश राय के साथ एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार भारत नायक विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और ग्राम पंचायत सरपंच ग्रामीणजन मौजूद रहे। विधायक सुदेश राय ने हादसे के शिकार हुए आउटसोसज़ विद्युत मंडल के कर्मचारी खजुरिया बांग्ला फीडर में कार्यरत रहे लाइनमैन स्वर्गीय विजय वर्मा के परिजनों से मिलकर उन्होंने शोक संवेदना प्रकट की और मृतक लाइनमेन विजय वर्मा को श्रद्धांजलि देकर परिजनों को सबल प्रदान किया। उल्लेखनीय की घटना की जानकारी लगते ही विधायक सुदेश राय जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम रूम तक पहुंच गए थे। उन्होने घटना की जांच कराने और परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने की बात भी परिजनों और ग्रीमणो के मध्य कही थी। विधायक राय ने बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के द्वारा कैसे फॉल्ट सुधारने के निर्देश दिए और परमिट के बाद भी बिजली सफलाई केसे हुई को लेकर भी आक्रोश व्यक्त किया था। उन्होने कहा था कि दुख की घड़ी में शोका कुल परिवार के साथ हम खड़े हैं। जिस के बाद आर्थिक सहायता की मांग को लेकर चांदबाड़ में ग्रामीणों के द्वारा चक्काजाम भी कर दिया गया था विधायक सुदेश राय की समझाईश के बाद ही चक्काजाम समाप्त हुआ था। विधायक सुदेश राय के द्वारा दो दिनों में ही लाइनमैन स्वर्गीय विजय वर्मा के परिजनो और ग्रामीणों की मांग को पूरा कर दिया है।



### स्मार्ट मीटर के अवैध बिलों से गरीबों का कनेक्शन काटा गया तो कांग्रेस जोड़ेगी कनेक्शन

**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने विद्युत विभाग से पीड़ित महिला पुरुषों के साथ ज्ञापन पूनम तुमराम जिला महाप्रबंधक म.प्र.वि.वि.कं.लि.जिला सीहोर को सौंपते हुए मांग की गई है कि जबसे सीहोर जिले में स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं, तभी से इन मीटरों से गरीब जनता के माह में लाखों रूपये के दो बार बिल के साथ फर्जी तरिके से विद्युत उपभोक्ताओं के बिना हस्ताक्षर कराये विद्युत मीटर की छेड़छाड़ का पंचनामा बनाकर हजारों रूपयों के चक्रवृत्ति ब्याज लगाकर बिल थमाये जा रहे हैं। इस कारण से जनता में भारी आक्रोष है। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा जनता को संतोषजनक जवाब ना देकर अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। जिसे लेकर जनता में भारी आक्रोष है। सेवादल अध्यक्ष खंगराले ने बताया कि मध्यप्रदेश के भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विद्युत विभाग को प्रायवेटीकरण करते हुए जबसे ठैके पर दिया गया है, तभी से विद्युत विभाग के लाखों व हजारों की संख्या में बिल आ रहे हैं, जिससे जनता में भयानक आक्रोष है, अगर विद्युत मण्डल का यही रवैया रहा व विद्युत बिल की राशि कम नही की गई तो कांग्रेस सेवादल विद्युत मण्डल कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला फुकेगी। जबकि कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समय गरिबों के बिल नाम मात्र के आते थे, जिससे गरीब जनता को काफी राहत थी।

## सीहोर में भूकंप का कहर: कलेक्टर कार्यालय की इमारत का कुछ हिस्सा धराशायी, एनडीआरएफ ने बचाई कई जानें





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में सोमवार को सुबह आए भीषण भूकंप ने सीहोर में भारी तबाही मचा दी। भूकंप के तेज झटकों से जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय की इमारत का कुछ हिस्सा धराशायी हो गया। अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इमारत का कुछ हिस्सा धराशायी होने से कई लोग उसके मलबे के नीचे दब गए, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इसकी सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

जवानों ने तेजी से मलबा हटाकर कई लोगों की जान बचाई और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाया। जिला अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं शुरू कर दी गई हैं और घायलों का उपचार जारी है। हालात को देखते हुए कलेक्टर ने बचाव और राहत कार्यों को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व एनडीआरएफ-11 के कमांडर ने किया। मौके पर जिला कलेक्टर स्वयं मौजूद रहे और लगातार राहत कार्यों की निगरानी की। उनके निर्देशन में प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी सक्रिय रहीं। यह पूरा दृश्य भूकंप के दौरान एनडीआरएफ-11 टीम का राहत एवं बचाव कार्य की मॉक ड्रिल का था। मॉक ड्रिल के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने उपस्थित शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के छात्रों से कहा कि वे आपदा में सावधानी, सतर्कता और जानकारी से अपनी और दूसरों की जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा जारी एडवायजरी पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व कमांडर सिंकन्दर ने किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### ग्राम पंचायत व पीएचई विभाग से शिकायत के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ

# 500 से अधिक घरों में पानी में निकले कीड़े एक साल से नहीं हुई टंकी की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के बमुलिया गांव में नल जल योजना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। करीब 5000 की आबादी वाले इस गांव में पिछले एक साल से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। नल के पानी में सफेद कीड़े निकल रहे हैं।

#### गांव में 1 साल पहले शुरू हुई थी योजना

गांव में नल जल योजना के द्वारा एक साल पहले पानी घर घर पहुंचना शुरू हुआ था। गर्मियों में यह काम बंद रहा। 22 अगस्त से इसे फिर से चालू किया गया। गांव में 500 से अधिक नल कनेक्शन हैं। ज्यादातर घरों में पानी पीने योग्य नहीं है। ग्रामीण लखनलाल परमार और रूपसिंह परमार ने बताया कि वे इस पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

ग्रामीणों ने इस समस्या की शिकायत ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग से की है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पीएचई विभाग के इंजीनियर सिद्धनाथ मालवीय के अनुसार गांव में कचरे के ढेर की वजह से पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। उन्होंने सरपंच को कचरा हटवाने और मुरम डलवाने के लिए कहा है।



#### 1 साल से टंकी की नहीं हुई सफाई

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या सिर्फ लीकेज की नहीं है। एक साल पहले बनी पानी की टंकी की अब तक सफाई नहीं हुई है। पानी में क्लोरिन भी नहीं डाला जा रहा है। क्लोरिन पानी को शुद्ध करने के लिए जरूरी होता है। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## शाम 4 बजे हवाओं के साथ हुई बरसात कृषि वैज्ञानिक बोले-और बरसेंगे बादल

**सीहोर।** जिले में सोमवार शाम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। करीब 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। लंबे समय से झेल रही गर्मी और उमस से लोगों को छुटकारा मिला। पिछले कुछ दिनों से जिले में बारिश नहीं हो रही थी। आसमान पर बादल तो रहते थे, लेकिन दिन में तेज धूप निकलती थी। हालत यह थी कि सितंबर में भी मई-जून जैसी गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। इसी कारण रात में भले ही हल्की ठंडी हवाएं चल रही थीं, लेकिन दिन का पारा लोगों को झुलसा रहा था।



**मौसम बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग :** मौसम के इस उतार-चढ़ाव से कई लोग वायरल इंफेक्शन और मौसमी बीमारियों की चपेट में आ गए थे। मरीजों की संख्या अस्पतालों में लगातार बढ़ रही थी। बारिश होने से अब मौसम में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। सीहोर नगर और आसपास के इलाकों में देर तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आने वाले दिनों में और घने बादल छाएंगे और बारिश का दौर जारी रह सकता है।

ब्लॉक कांग्रेस ने झागर गांव में किसानों की समस्या को लेकर धरना दिया

# बाढ़ में सब नष्ट हो गया, किसानों के बिजली बिल करो माफ- कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना कांग्रेस की कमान जयवर्धन सिंह को मिलते ही पार्टी में ऊर्जा का संचार हो गया है। इसी क्रम में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस ने झागर गांव में किसानों की समस्या को लेकर धरना दिया है और सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। खास बात यह है कि सितंबर के महीने में तीसरा मौका है जब कांग्रेस ने जिले में बड़ा प्रदर्शन या आंदोलन किया है। बमौरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झागर में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक कहा कि मध्यप्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार अस्तित्व में आई, तब से किसानों को खाद के लिए लाइन में खड़ा रहकर प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सरकार के मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी झूठ दावे करते हैं कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।



**मक्का उड़द हुई नष्ट, सही से करो सर्वे दो मुआवजा** : ब्लॉक कांग्रेस ने झागर सहित आसपास के क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के दौरान नष्ट हुई मक्का, उड़द की फसलों का सही सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग भी उठाई है। इसके अलावा धरना-प्रदर्शन के मंच से बिजली सही से नहीं मिलने पर बिजली कम्पनी को भी घेरा गया है।

**बिजली विभाग ने गांवों की लाईट काट रखी** :कांग्रेस नेताओं ने तंज कसा कि सरकार किसानों को 10 घंटे बिजली मुहैया कराने के दावे कर रही है, वहीं बिजली कम्पनी बिजली देने के बजाए किसानों पर वसूली का दबाव बनाने में अपनी जोर आजमाइश दिखा रही है। ब्लॉक कांग्रेस ने मांग की है कि बाढ़ की प्राकृतिक आपदा को देखते हुए इस बार रबी सीजन में किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं और वित्तीय वर्ष में किसानों से राजस्व वसूली न करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जाए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लेखराज लोधा, मंडल अध्यक्ष गोपाल किरार, दशरथ किरार धानखेड़ी, धनराज प्रजापति, डॉ. ओपी त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज सिंह बना, ब्लॉक महासचिव जेएल किरार, अभिषेक बैरागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संयुक्त चेकिंग के दौरान सामने आए मामले

# बाल श्रम मामले में ब्यावरा के 2 दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बाल श्रम को रोकने प्रशासन सहित सामाजिक संगठनों के लाख जागरुकता प्रयासों के बावजूद प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसी कड़ी में बालश्रम की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद श्रम विभाग, अंहिसा वेल फेयर की टीम ने ब्यावरा में कुछ प्रतिष्ठानों को चेक किया। इस दौरान दो दुकानों पर 14 वर्ष से कम उम्र के दो बच्चों से काम करवाते पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। बाल श्रम अधिकारी सौरभ कुमार गुप्ता, लेबर इन्सपेक्टर मनोज चैहान, अहिंसा वेलफेलयर टीम से रजनी प्रजापति की टीम ने ब्यावरा नगर पहुंचकर कुछ दुकानों की चेकिंग की। इस दौरान नवीन नगर पालिका काम्पलेक्स में संचालित वर्षा ऑटो पार्टस एवं बालाजी ऑटो पार्टस दुकानों पर नाबालिग बच्चों से सर्विसिंग कार्य कराया जाता पाया गया। टीम द्वारा पहले दोनों बाल श्रमिकों को मुक्त करवाते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त थाने पहुंचकर दोनों दुकान संचालकों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### समिति ने की बाल श्रमिकों की काउन्सलिंग

बाल कल्याण समिति द्वारा दोनों नाबालिग बच्चों की काउन्सलिंग करते हुए उन्हें बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उन्हें अपनी पढ़ाई-लिखाई निरंतर रखने की सलाह दी गई ताकि भविष्य में किसी दूसरे के यहां काम न करना पड़े एवं वे(बच्चे) स्वयं का व्यवसाय या नौकरी कर अपना भविष्य संवार सकें। इस पूरी कार्यवाही में अहिंसा टीम की निकिता मेवाड़े, विशेष पुलिस ईकाई से रमेशचंद्र भिलाला, बाल कल्याण समिति सदस्य रिंकु सुनेरी, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सरोज पाटिल सहित अन्य का योगदान रहा।

ऑपरेशन के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी सिम एक्टिवेशन से अपराधियों तक पहुंच बना रहे चार गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सब डिवीजन में पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्यवाही में सारंगपुर अनुभाग के पचोर और लीमाचैहान थाना क्षेत्रों से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो नियम विरुद्ध तरीके से मोबाइल सिम कार्ड सक्रिय कर अपराधियों तक पहुंचा रहे थे। पूरे प्रदेश में एकसाथ संचालित इस अभियान का उद्देश्य उन सिम कार्डों की पहचान और रोकथाम करना था जिनका उपयोग लगातार बढ़ते साइबर अपराधों में हो रहा था। जांच में सामने आया कि कुछ सिम वेंडर्स और पॉइंट ऑफ सेल संचालक ग्राहकों के पहचान दस्तावेजों का दुरुपयोग कर रहे थे।

वे अधिक मुनाफे के लिए प्री-एक्टिवेटेड सिम तैयार कर देते थे और इन्हें ऐसे लोगों तक पहुंचाते थे जो सेक्सटोर्शन, धमकी, बैंक लोन धोखाधड़ी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसी आपराधिक गतिविधियों में इनका इस्तेमाल करते थे। एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि लीमाचैहान थाना क्षेत्र के मामले में शाहबाज मंसूरी पिता रमजान मंसूरी निवासी पाड़ल्यामाता और अर्जुन बंजारा पिता मुन्नालाल बंजारा निवासी अमलावता को गिरफ्तार किया गया है। इन पर धारा 318(4) बीएनएस, 66सी आईटी एक्ट और 42(6) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हुआ है। वहीं पचोर थाना क्षेत्र के चार मामलों में रामबाबू वर्मा पिता राजाराम वर्मा निवासी ग्राम अंतरालिया और संदीप वर्मा पिता राजाराम वर्मा निवासी लालपुरा चाकरोद को पकड़ा गया है।

### एक के साथ दूसरी सिम कार्ड एक्टिवेट कर रहे थे

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से एक के साथ दूसरी सिम कार्ड एक्टिवेट कर रहे थे। कई बार एक ही आईडी का बार-बार उपयोग होता था। इन सिमों का प्रयोग कॉलिंग एप्स और सोशल मीडिया अकाउंट बनाने में भी किया जाता था, जिससे अपराधियों की पहचान छिपी रहती और वे आम लोगों को आसानी से अपने जाल में फंसा लेते थे। इस कार्रवाई को सफल बनाने में पचोर थाना प्रभारी निरीक्षक शकुन्तला बामनिया, उपनिरीक्षक राहुल सेन्धव, लीमाचैहान थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनिल राहोरिया और साइबर सेल राजगढ़ की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और नेटवर्क के और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### पुलिस ने की अपील

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे हमेशा अधिकृत विक्रेता से ही मोबाइल सिम खरीदें, पहचान दस्तावेज किसी अनजान को न दें और किसी प्रलोभन में आकर बैंक खाता या सिम कार्ड किसी अन्य को उपलब्ध न कराएं। यदि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचित करें।

# तिवारी महर्षि गौतम शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**शुजालपुर।** अखिल भारतीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश इकाई मप्र द्वारा आयोजित प्रथम प्रदेश स्तरीय महर्षि गौतम शिक्षक सम्मान का आयोजन उज्जैन में दिनांक रविवार 14 सितंबर 2025 को सिद्धवटमंदिर भेरूगढ़, उज्जैन में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में प्रदेशभर से समाज के शिक्षा एवं सामाजिक सेवाओं में श्रेष्ठ सेवा कार्यों को करने वाले शिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे प्राप्त आवेदनों से समिति द्वारा विभिन्न मापदंडों को पूर्ण करने वाले पर 6 शिक्षक-शिक्षकाओं का मेरिट सूची अनुसार चयन किया गया। जिसमें शाजापुर से 20 वर्षों से सतत शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय विद्यालय में श्रेष्ठ सेवाओं एवं 24 वर्षों से सतत सामाजिक सेवाओं को प्रदान करने वाले गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष ललित तिवारी प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे जिन्हें गरिमामय कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा,बुद्धि प्रकाश शास्त्री, माया राजेश त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा, रानी व्यास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी संयोजक प्रमोद व्यास, सहसंयोजक सुबोध शर्मा के गरिमामय उपस्थिति में सम्मानित किया गया तिवारी के सम्मान पर शुजालपुर नगर सभा, अध्यक्ष डॉ आशीष दुबे एवं जिला इकाई के प्रकाश जोशी ओमप्रकाश पंचोली बालकृष्ण उपाध्याय, राजेंद्र उपाध्याय,सहित सभी समाज जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए।

# प्रोग्रेसिव हाइट्स का सितारा कुश वजार- राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ जब विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कुश वजार ने एस.जी.एफ.आई. की 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 8 से 11 सितंबर 2025 तक गुना में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश भर के चुनिंदा विद्यालयों के श्रेष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। कुश वजार ने कठिन मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। कुश की सफलता ने न केवल प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल, ब्यावरा का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे जिले का नाम भी रोशन किया। विद्यालय परिवार ने कुश और उनके परिजनों को हृदय से बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कुश के पिता प्रदीप वजार ने इस उपलब्धि पर गर्व और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुत्र की यह मेहनत आगे चलकर और भी बड़ी सफलताओं में परिवर्तित होगी। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया है कि कुश वजार भविष्य में भी अपनी लगन और मेहनत से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# एससी, एसटी वर्ग से जुड़े अपराधों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित वर्ग से जुड़े अपराधों के संबंध में पुलिस विभाग द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(अजाक) आशुतोष राय, भोपाल रेंज डीआईजी अभय सिंह, उप-पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओ.पी. त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित अपराधों की विवेचना, त्वरित कार्यवाळी, राहत प्रकरण एवं प्रभावी निस्तारण हेतु विस्तृत समीक्षा की गई।



साथ ही पीड़ति पक्ष को शीघ्र न्याय दिलाने, दोषियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं समाज में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने दिए ये अहम निर्देशबैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राय ने अधिकारियों को निर्देषित किया गया कि एससी/एसटी से संबंधित प्रकरणों की विवेचना पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ की जाए। पीड़ति व्यक्तियों को त्वरित राहत एवं आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए। ऐसे प्रकरणों की निगरानी उच्चाधिकारियों द्वारा निरंतर की जाए।प्रत्येक थाने में इस श्रैणी के मामलों को प्राथमिकता में रखा जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की तथा उन पर अब तक हुई कार्यवाही का प्रतिवेदन दिया। राय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों में विधि संगत, त्वरित एवं कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# लोकतंत्र तभी मज़बूत होता है जब हर वर्ग को बराबरी का अधिकार मिले : शहरयार खान

**शुजालपुर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वक़्त संशोधन विधेयक 2024 पर एक ऐतिहासिक आदेश पारित किया है, मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शहरयार खान ने कहा कि अदालत ने इस विधेयक के विवादित प्रावधानों के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए स्पष्ट किया कि ये मामला संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय से जुड़ा हुआ है, प्रदेश प्रवक्ता शहरयार खान ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस विधेयक के प्रभाव से करोड़ो नागरिकों खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक एवं सामाजिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि इस पर व्यापक और गहन विचार विमर्श हो। अदालत ने आदेश दिया कि मामले को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए और अगली सुनवाई तक किसी भी प्रकार की नई कार्यवाही रोक दी जाए। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय का हार्दिक स्वागत करती है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि संविधान की आत्मा समानता, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता में निहित है, इस आदेश ने ये साबित कर दिया है कि देश की न्यायपालिका नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। हम मानते है कि लोकतंत्र तभी मज़बूत होता है, जब हर वर्ग को बराबरी का अधिकार मिले और किसी समुदाय के साथ अन्याय न हो।

सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

# राज्य मंत्री टेटवाल ने मरीजों से की चर्चा, जाने हालचाल



**सारंगपुर।** क्षेत्रीय समस्याओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत जानने के उद्देश्य से राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे मंत्री ने अस्पताल की विभिन्न वार्डों का दौरा किया तथा वहां भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता और स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन डॉ मनीष चैहान को साफ-सफाई, समय पर दवा वितरण और गंभीर मरीजों के लिए त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को बिना किसी परेशानी के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों से बातचीत में मंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से नियमित रूप से मरीजों का ध्यान रखने और पारदर्शी सेवाएं देने की अपील की। वही अस्पताल अधीक्षक चैहान ने मंत्री टेटवाल से अस्पताल में 50 बेड की मांग रखी जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द अस्पताल को बेड उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सक से बदसुलूकी के बाद स्वास्थ्य सेवाएं ठप मेडिकल केमिस्ट संगठन ने दिया ज्ञापन



**माचलपुर।** शनिवार शाम को महिला द्वारा अपने पुत्र के ईलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाकर अपने बेटे अरविंद पिता प्रेमनारायण मालवीय की मृत्यु के आरोप लगाकर महिला ने चिकित्सक पायल पाटीदार से मारपीट की गई जिसकी शिकायत भी माचलपुर रात्रि में पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई! जिसके बाद स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर सहित निजी क्लीनिक सहित मेडिकल दुकान संचालकों ने रविवार दोपहर तक अपने अपने प्रतिष्ठान दोपहर तक बंद रख कर अपना विरोध दर्ज करवाया जिसके कारण मरीजों वा उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।मेडिकल केमिस्ट संगठन ने एक ज्ञापन कलेक्टर ने नाम नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ को दिया जिसमे डाक्टर पायल पाटीदार के साथ हुई अभद्रता का उल्लेख किया गया । ज्ञापन के समय मेडिकल दुकान संचालक व प्रायवेट क्लीनिक संचालक मौजूद रहे।

छात्राओं को कलावा धागा बांध कर विद्यालय आने पर शिक्षिका के एतराज करने पर विवाद

# हिंदू संगठन ने किया स्कूल का घेराव, शिक्षिका ने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

तहसील के सोमवारिया क्षेत्र के मॉडल स्कूल में शुक्रवार सुबह प्रार्थना के दौरान एक विवाद खड़ा हो गया। अंग्रेजी की टीचर अंबिका फरोड़ ने छात्राओं के हाथ पर बंधे कलावे कैंची से काट दिए और कहा कि धागा नहीं बांधोगी तो तुम्हारे भगवान मर नहीं जाएंगे। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राएं उस समय प्रार्थना में शामिल थीं। एक छात्रा ने बताया कि शिक्षिका ने उन्हें कहा कि अंधविश्वास में मत जियो और तिलक-कलावा घर पर ही रखो, स्कूल में मत लाओ। इस घटना से हम सब छात्राओं और परिवार की भावनाएं आहत हुईं।

### हिंदू संगठनों ने किया स्कूल का घेराव

मामला सामने आते ही परिजन और सकल हिंदू संगठन के सदस्य स्कूल पहुंच गए और परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस समय स्कूल प्राचार्य रामचंद्र दांगी स्कूटी वितरण कार्यक्रम में गए थे। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। साथ ही तहसीलदार और एसडीओपी भी स्कूल आए और छात्राओं व परिजनों से बात की।हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने स्कूल में बैठकर प्रदर्शन किया।



### टीचर ने लिखित में मांगी माफी

विवाद बढ़ता देख शिक्षिका अंबिका फरोड़ ने लिखित माफीनामा स्कूल की प्राचार्य को सौंपा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल अनुशासन बनाए रखना था, किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना नहीं। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा दोबारा नहीं होगा। प्राचार्य रामचंद्र दांगी ने कहा कि स्कूल में सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान किया जाता है। ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिजनों और समाजजनों ने शिक्षिका की माफी स्वीकार कर प्रदर्शन खत्म कर दिया। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि आगे ऐसी घटनाओं से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाएगी।

खबर संक्षेप

## कल होगा संगठन का धरना-प्रदर्शन

**बागली।** संयुक्त कृषक संगठन जिला देवास के तत्वाधान में इंदौर हरदा रेलवे लाइन व इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग में किसानों की जो भूमि अधिग्रहित की गई है उस भूमि की सरकार ने नाम मात्र की मुआवजा राशि दी है। संगठन के शांतिलाल पाटीदार ने बताया कि इस वर्ष सोयाबीन की फसल पीले मोजैक रोग से पूर्णतया खराब हो चुकी है। इस विषय को लेकर 16 सितंबर मंगलवार को बागली अनाज मंडी में एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी को मांग पत्र सौंप कर किसानों की अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा बाजार मूल्य से देने, पीले मोजक से खराब हुई सोयाबीन फसल का सर्वे करवाकर राहत राशि व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्लेम देने की मांग की जाएगी।

## मजदूर ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**देवास।** बिहारीगंज मोहल्ले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 60 वर्षीय सिद्धू सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडऩे पर परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार और मोहल्ले में मातम का माहौल है।सिद्धू सिंह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके दो बेटे थे, लेकिन एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार में केवल एक ही बेटा बचा है। परिजनों ने बताया कि सिद्धू रोज की तरह घर पर थे, लेकिन उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण किसी को पता नहीं है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक का भतीजा राकेश भी मांगलिया से देवास जिला अस्पताल पहुंचा। रविवार को जिला अस्पताल में सिद्धू सिंह का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### ग्राम पंचायत के सामने हॉट बाजार की सरकारी जमीन पर हो रहा अतिक्रमण

# अतिक्रमणकारियों की दबंगई: हाट बाजार की जमीन पर पक्का निर्माण कर किया कब्जा

ग्राम पंचायत सिद्धिगंज में हॉट बाजार के नाम से लगभग 4 हेक्टेयर जमीन है। आधी जमीन पर हो गया अवैध कब्जा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम पंचायत सिद्धीगंज में हॉट बाजार की जमीन पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसमें विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही। ग्राम सिद्धिगंज में अतिक्रमणकारी इतने दबंग हो चुके हैं कि मन चाहे जहां अतिक्रमण कर रहे हैं। विभाग और ग्राम पंचायत देखकर भी अनदेखा कर रही है। ग्राम पंचायत और विभाग की लापरवाही के कारण अतिक्रमणकारी मन चाहे जहां अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण करने वालों पर क्यों करवाई नहीं की जा रही है। ग्राम पंचायत सिद्धिगंज में हॉट बाजार के नाम से लगभग 4 हेक्टेयर जमीन है। जिसमें से अतिक्रमणकारियों द्वारा लगभग आधे से ज्यादा जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है।



### पक्का निर्माण कर बना रहे दुकान

वर्तमान में हाट बाजार की जमीन पर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां पर प्रति सप्ताह हॉट बाजार लगता है वही अतिक्रमण धारी द्वारा जहां पर हाट बाजार की दुकान लगाई जाती है। वहीं पर अतिक्रमण धारी द्वारा पक्की दुकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है हॉट बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों का कहना है कि हम वर्षों से यहां पर दुकान लग रहे हैं जिसमें हम हमारा घर परिवार इसी पर आश्रित है वही अतिक्रमण धारी द्वारा जहां पर हम प्रति सप्ताह दुकान लगाते हैं वहीं पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर रहे हैं। ग्राम के सचिन वर्मा संदीप दीपक वर्मा सुमित राजेन्द्र, नर्बत सिंह आदि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर ग्राम सिद्धिगंज में हॉट बाजार की जमीन पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर रहे हैं। वही अतिक्रमण धारी मर्जी चाहे जहां पर अतिक्रमण कर रहे हैं। पर विभाग व ग्राम पंचायत इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।



### ग्रामीणों ने दिया आवेदन

ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में जाकर अतिक्रमण रोकने के लिए आवेदन दिया गया एवं बताया गया कि हाट बाजार में जो अतिक्रमण हो रहा है उसे रोका जाए। ग्राम के दीपक वर्मा, सचिन वर्मा द्वारा बताया गया कि अतिक्रमणधारी रात में निर्माण कार्य कर रहे हैं। अतिक्रमणधारी के हौसले इतने बुलंद है कि वह मन चाहे जहां अतिक्रमण कर रहे हैं और वहां मोटी रकम लेकर बेच देते हैं। पर ग्राम पंचायत एवं विभाग उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।



### अतिक्रमण हटाने दिया है आवेदन

अतिक्रमण हटाने के लिए जिला कलेक्टर व तहसीलदार जावर को पत्र दे चुके हैं वह ग्राम पंचायत द्वारा नोट इस दे चुके हैं।

**महेंद्र सिंह काजले,** सरपंच सिद्दीकगंज

### की जाएगी कार्रवाई

मुझे इसकी जानकारी नहीं है मैं जल्द ही दिखवाता हूं और जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है, जल्द ही उनका अतिक्रमण हटाया जाएगा। और कार्रवाई की जाएगी।

**नितिन कुमार टाले,** अनुविभागीय अधिकारी आष्टा

# पुलिस को मिला संदिग्ध वाहन निकला चोरी का

### सिद्धिगंज पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

एक सितंबर को पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में रात्रि गश्त सजगता से करने हेतु जारी निर्देशों के अनुक्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिद्दीकगंज निरीक्षक राजूसिंह बघेल के नेतृत्व में टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान एक संदिग्ध मारुति डिजायर कार को पकड़कर जप्त किया गया। जप्त करते समय वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की चेचिस एवं इंजन नंबर की विधिवत जांच की गई, जिसमें यह सामने आया कि उक्त वाहन असल में MH18BC1461 है, जो सिरपुर महाराष्ट्र से चोरी होकर अपराध के तहत पंजीकृत था। तत्पश्चात उक्त वाहन को विधिसम्मत कार्रवाई कर 15 सितंबर को सिरपुर महाराष्ट्र पुलिस टीम को सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक राजूसिंह बघेल, सउनि माघेसिंह, आरक्षक जतिन, सुरेन्द्र राणा, महेश, राकेश डावर, राहुलसिंह सैनिक महेश का विशेष योगदान रहा।

# कुश्ती प्रतियोगिता में कुणाल ठाकुर को गोल्ड मेडल, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भोपाल में आयोजित मध्य भारत प्रांतीय खेल प्रतियोगिता कुश्ती में आष्टा के कुणाल ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीतकर परिवार सहित आष्टा वासियों नाम प्रदेशभर में रोशन किया हैभाजपा नेता जनपद सदस्य विरेन्द्र सिंह पटाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया की भोपाल के शारदा बिहार में आयोजित मध्यभारत प्रांतीय प्रतियोगिता में कुणाल ठाकुर को गोल्ड मेडल (प्रथम स्थान) प्राप्त किया।जिससे परिवार में हर्ष का माहौल है और यह पूरे पटाड़ा परिवार के लिए गौरव के पल है इस दौरान कुणाल की उपलब्धि परिवार जन दादा कृपाल सिंह पताड़ा ने शुभ आशीष देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की!

## सुनील पुरोहित बने सह संयोजक

**चापडा।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चापडा निवासी सुनील पुरोहित को भाजपा संगठन जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारियो के निर्देशन में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म टोली का सह संयोजक बनाया गया। सुनील पुरोहित नियुक्ति के एक घंटे बाद ही प्रदेश की वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। बैठक का मार्ग दर्शन राष्ट्रीय महासचिव नेता अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद बंशीलाल गुर्जर आदि ने किया।पुरोहित को सह संयोजक बनने पर जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री राजेश यादव, किशोर यादव, कांतिलाल पाटीदार, ईश्वर प्रजापत ने शुभकामनाए दी।



# महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर किया गया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ व हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सुरेंद्र यादव और जगदीश नागले ने हिंदी और हिंदी दिवस के महत्व की जानकारी दी।

जिसमें उनके द्वारा हिंदी दिवस की आवश्यकता उसके उदगम एवं विकास पर विशेष प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉ दीपेश पाठक ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया तथा उसकी लिपि देवनागरी घोषित की गई थी। इस दिन को याद करते हुए प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। सुरेंद्र यादव ने हिंदी को राष्ट्रभाषा कैसे बनाया जाए विषय पर प्रकाश डाला और भारतीय धर्म दर्शन में व संस्कृति में हिंदी भाषा की महत्वता को बताया। जगदीश नागले ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी हमारी अखण्डता को बनायें रखा है। हिंदी भाषा के कारण ही आज हम भारतवासी अनेकता से एकता के सूत्र में बंधे हुए है।साथ ही उन्होंने हिंदी की संवैधानिक स्थिति से भी विद्यार्थियों को परिचित कराया। प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने हिंदी पखवाड़े की आवश्यकता एवं हिंदी के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को जागृत कैसे किया जाए पर अपनी बात रखी।



विद्यार्थियों ने किया कविता पाठ- हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्याल विद्यार्थी आकाश सूर्यवंशी, संजना गौड़, कृतिक जोशी आदि छात्र छात्राओं ने मैथिलीशरण गुप्त, रामधारी सिंह दिनकर, हरिवंशराय बच्चन, माखनलाल चतुर्वेदी अमिताभ बच्चन आदि की कविताओं सहित स्वनिर्मित कविताओं का पाठ कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आगे हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित होगी। संचालन व आभार डॉ दीपेश पाठक ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस मामले में आपसी सहमति से हुआ राजीनामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी किरण सिंह के यहां चार साल पुराने चेक बाउंस प्रकरण में परिवादी डी.शाह और अभियुक्त राहुल खींची के बीच आपसी सहमति से राजीनामा हुआ। प्रकरण का राजीनामा अभियुक्त के वकील रणजीत सिंह हाड़ा और परिवादी के वकील प्रवीण सिंह गहलोत द्वारा दोनों पक्षकारों को आपस में सुलह समझाईश देकर राजीनामा कराया। न्यायालय द्वारा पक्षकार को पौधा देकर आगे से किसी भी प्रकरण से दूर रहने की सलाह दी गई। इखालीदा खान, गिरजा, शादाब खान, आकाश चौहान मौजूद रहे।

# अवैध कटाई और पौधों के नुकसान के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली रेंज के बीट पलासी के कक्ष क्रमांक 750 में हाल ही में हुई अवैध कटाई और पौधों के नुकसानी के मामले में बागली वन स्टाफ ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार को आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया है कि उसने द्वेष भावना से पौधे उखाड़े नष्ट किए और सागवान पेड़ों की अवैध कटाई की। इसके अलावा उसने फेंसिंग भी चोरी की थी। आरोपी गुमान सिंह निवासी बजरंग गढ़ को बागली न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे सबजेल बागली भेज दिया गया है। बागली वन स्टाफ ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और वन संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया है। बागली वन स्टाफ ने बताया है कि शेष आरोपियों की भी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बागली रेंजर गजानंद बिरला ने बताया कि वनों को नुकसान पहुंचाने वालो को किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ा जाएगा।



### स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

# कल से लेकर 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रमों पर की चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छता ही सेवा-2025 सेवा पखवाड़ा-2025 अंतर्गत विधानसभा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय समस्त विभाग प्रमुखों की बैठक का आयोजन जनपद पंचायत स्थित सभाकक्ष में किया गया।

जिसमें अनुविभागीय अधिकारी नितिन टाले द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025 अभियान में कैलेंडर अनुसार विभन्न गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया,अभियान में प्रमुख रूप से त्यौहार/नवरात्री पर्व के पूर्व ग्रामों में सफाई सुनिश्चित करना, ग्राम के सभी सार्वजानिक स्थल,स्वच्छता संरचनाएं एवं धार्मिक स्थल आदि की साफ़-सफाई, ग्रामों में स्वच्छता सन्देश जैसे-सूखा-गीला कचरे का अलग-अलग निपटान करना, 25 सितंबर को सभी ग्रामों/नगरीय निकायों में एक दिन-एक घंटा स्वच्छता हेतु श्रमदान, स्कूलों में सिंगल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबन्ध पर रंगोली, निबंध और चित्राकल प्रतियोगिता, सफाई मित्रों के लिए क्लस्टर स्तर पर सुरक्षा एवं कल्याण शिविरों का आयोजन, भंडारे, धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक, कागज़ का उपयोग न करना, दोना, पत्तलों का उपयोग करना व गन्दगी न फैलाना, मूर्ति विसर्जन के समय अजैविक सामग्री को अलग-अलग करके जलाशय स्त्रोत में नहीं बहाना अदि प्रमुख तौर पर शामिल है।

इसी प्रकार सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविरों का आयोजन, नामों मैराथन, थीम आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत, एक पेड़ का नाम एवं एक बगिया माँ के नाम, महिला स्व-सहायता समूहों/स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी/मेले का आयोजन, (वोकल फॉर लोकल), गांधी जयंती पर खाड़ी उत्पादों ,गांधी जयंती पर खड़ी उत्पादों की खरीद और प्रोत्साहन, विकसित भारत थीम पर चित्रकला वाद-विवाद निबंध प्रतियोगिता, संगोष्ठी का आयोजन, नमो पार्क, नमों वन, नमों उपवन विकसित करना आदि प्रमुख तौर पर शामिल हैं।

2 अक्टूबर को अभियान की समाप्ति और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ 02 अक्टूबर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मान एवं पुस्कृत किया जाएगा। साथ ही मूर्ति विसर्जन के समय जैविक एवं अजैविक सामग्री को अलग-अलग करना एवं जलीय संरचनाओं में सीधे न बहाने पर जागरूकता अभियान तथा श्रमदान के माध्यम से जलीय संरचनों के आस-पास की सफाई एवं कचरे का सुरक्षित निपटान किया जाना है। इसी दौरान सांसद खेल उत्सव के आयोजन के बारे में चर्चा की गई।

आयोजित हुई उक्त बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी विभाग प्रमुखों को उत्साह पूर्वक अभियान के संचालन हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की गतिविधियों के आयोजन में स्थानीय जन प्रतिनिधियों को जरूर आमंत्रित किया जाय। समीक्षा बैठक में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान और उपाध्यक्ष गजराज पटेल उपस्थित हुए। समीक्षा बैठक के अंत में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास द्वारा आभार व्यक्त कर समस्त अतिथियों और विभागीय अधिकारियों को ध्यन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# राष्ट्रीय कार्यशाला में मध्यप्रदेश से प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शास स्कूल के शिक्षक 17 सितम्बर को नीति आयोग के कार्यालय, 122 नई दिल्ली में मेंटॉर इंडिया राउंड टेबल कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय कार्यशाला अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे देश से चुनिंदा मेंटर्स को आमंत्रित किया गया है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में मध्यप्रदेश से एकमात्र प्रतिनिधि शास हाई स्कूल चुपाड़िया के शिक्षक इंदर सिंह ठाकुर का चयन हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राव इंद्रजीत सिंह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय, योजना मंत्रालय तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपाली उपाध्याय के स्वागत भाषण से होगा। शुभम गुप्ता मेंटॉर इंडिया की यात्रा एवं आगामी योजनाओं पर वक्तव्य देंगे। डॉ. दीपक बागला नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में मेंटरशिप की भूमिका पर व्याख्यान देंगे। श्रद्धा शर्मा मेंटोरिंग एवं उद्यमिता विषय पर विशेष सत्र लेंगी। कार्यक्रम में बीवीआर सुब्रह्मण्यम विशेष अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मेंटॉर ईयरबुक का विमोचन भी किया जाएगा। शिक्षक इंदर सिंह ठाकुर ने पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। वे लंबे समय से अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से मध्यप्रदेश के चयनित विद्यालयों में नवाचार व रोबोटिक्स का प्रशिक्षण दे रहे हैं और विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अगस्त में आयोजित मेगा टिंकरिंग डे के दौरान एक साथ आठ विद्यालयों में नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स बनवाने के लिए सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि उनके सतत प्रयासों और नवाचार को बढ़ावा देने की पहल है।कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी पर ब्रेनस्टॉर्मिंग करेंगे तथा स्कूली विद्यार्थियों को नवाचार से जोड़ने के लिए नई योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। शिक्षक इंदर सिंह ठाकुर का चयन न केवल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है बल्कि यह नई पीढ़ी को विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी की दिशा में प्रेरित करने वाली उपलब्धि भी है।